## Headline

1. Kolkata: सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की आरजी कर कॉलेज मामले की रिपोर्ट; बंगाल की कानूनी टीम में 21 वकील
2. आंध्र प्रदेश: अचुतापुरम की फार्मा कंपनी में कैसे लगी आग? अब तक 17 की मौत, 33 घायल; CM करेंगे घटनास्थल का दौरा
3. Haryana Election: इनेलो-बसपा को प्रत्याशियों की तलाश, वजूद बचाने की जंग में दूसरे दलों के बागियों से आस
4. UP By-Election : संघ ने संभाली चुनावी कमान, उपचुनाव में भाजपा के साथ जुटेंगे आरएसएस कार्यकर्ता, उठा ये मुद्दा
5. दुष्कर्म पीड़िता नर्स का छलका दर्द: 'अब बाहर कैसे जाऊंगी...', बार-बार दोहरा रही एक ही बात, खाना-पानी किया बंद
6. Janmashtami 2024: सीएम योगी करेंगे महामहोत्सव का शुभारंभ, बृजभूमि को 583 करोड़ की परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

छबिसमुद्र हरि रूप बिलोकी । एकटक रहे नयन पट रोकी ।।
बिप्र जेवाँइ देहिं दिन दाना । सिव अभिषेक करहिं बिधि नाना ।।

| Ram Katha 941 – मानस समुद्राभिषेक || Indoneshiya || मोरारी बापू


सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 40 इंदौर, गुरुवार 22 अगस्त, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


# 27 जिलों में आज तेज बारिश का अलर्ट

## अब तक सीजन की 79% बारिश, सबसे ज्यादा मंडला में 43 इंच पानी गिरा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। अगस्त के आखिरी दिनों में मध्यप्रदेश में एक बार फिर तेज बारिश कराने वाला स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव हो रहा है। गुरुवार को आधे प्रदेश यानी 27 जिलों में तेज बारिश होने के आसार हैं।**

मौसम विभाग ने अगले 4 दिन प्रदेश में तेज बारिश होने की चेतावनी जारी की है। 24 और 25 अगस्त को भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, उज्जैन, नर्मदापुरम और सागर संभाग के 31 जिलों के लिए भारी बारिश होने का ऑरेंज अलर्ट है।

मौसम विभाग के अनुसार, 'अगले 24 घंटे में ग्वालियर, मुरैना, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, बड़वानी, इंदौर, रायसेन, देवास, खंडवा, बुरहानपुर, सीहोर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, मंडला, छतरपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, मैहर और शहडोल में तेज बारिश हो सकती है। बाकी जिलों में गरज-चमक और हल्की बारिश का दौर बना रहेगा।'

### इसलिए ऐसा मौसम

मौसम वैज्ञानिक वीएस यादव ने बताया, 'बंगाल की खाड़ी में 24 अगस्त को लो प्रेशर एरिया एक्टिव हो रहा है। इसकी प्रदेश में स्ट्रॉन्ग एक्टिविटी देखने को मिलेगी। वर्तमान में एक्टिव एक अन्य लो प्रेशर एरिया, साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से भी अगले 2 दिन तेज बारिश का दौर बना रहेगा।'

### MP में 79% बारिश, कोटा पूरा होने में 21% पानी की और जरूरत

प्रदेश में अब तक 79 प्रतिशत यानी 29.4 इंच पानी गिर चुका है। श्योपुर में सामान्य से दोगुनी और मंडला-सिवनी में आंकड़ा 41 इंच से अधिक है। श्योपुर में सामान्य से 143% बारिश हो चुकी है। सबसे ज्यादा बारिश के मामले में मंडला आगे है। यहां 43 इंच पानी गिर चुका है। यहां की सामान्य बारिश 47 इंच है। यानी, सामान्य बारिश के आंकड़े को पार करने के लिए अभी भी 4 इंच पानी की जरूरत है।

सबसे ज्यादा पानी गिरने वाले टॉप-10 जिलों में मंडला, सिवनी, श्योपुर, नर्मदापुरम, छिंदवाड़ा, रायसेन, डिंडौरी, सागर, भोपाल और सीधी शामिल हैं। भोपाल में 34 इंच बारिश हो चुकी है। कोटा पूरा होने में अब साढ़े 3 इंच पानी की और जरूरत है।

### प्रदेश के डैम फिर से छलकने को तैयार

पिछले दो सप्ताह से प्रदेश में तेज बारिश का दौर थमा हुआ था, लेकिन अब फिर से पानी बरस रहा है। इससे प्रदेश के डैम फिर से छलकने को तैयार है। वर्तमान में कोलार, बाणसागर, कुंडालिया, बरगी, इंदिरा सागर, ओंकारेश्वर, कलियासोत, भदभदा, केरवा आदि में पानी की आमद जारी है। बुधवार को भी डैमों में पानी बढ़ गया। भोपाल के बड़ा तालाब में भी पानी की बढ़ोतरी हुई थी।

### 21 जून को एक्टिव हुआ था मानसून

प्रदेश में मानसून 21 जून को एंटर हुआ था। अगले 7 दिन में पूरे प्रदेश में मानसून ने आमद दे दी थी। इस हिसाब से आज 21 अगस्त को मानसून को एंटर हुए दो महीने बीत चुके हैं। अबकी बार जुलाई में सबसे ज्यादा पानी बरसा है। जून में जरूर कोटे से कम बारिश हुई। वहीं, अगस्त में बारिश का दौर जारी है।

# डबल डेकर ब्रिज के निर्माण कार्यों को देखने पहुंचे कमिश्नर

### मौके पर कमिश्नर ने अफसरों को प्रोजेक्टों को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण व्दारा किए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों के तहत बुधवार को इंदौर संभाग के संभागयुक्त एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष श्री दीपक सिंह ने प्राधिकरण द्वारा एम आर 10 पर बनाए जा रहे अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल एवं लवकुश चौराहे पर बन रहे फ्लाय ओवर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिक अधिकारी आर.पी. अहिरवार ने बस टर्मिनल एवं लवकुश फ्लाय ओवर की विस्तृत जानकारी संभागयुक्त को दी। साथ ही लवकुश चौराहे पर ही बन रहे लेवल 2 फ्लाय ओवर के बारे में भी संभागयुक्त महोदय को बताया।**

प्राधिकरण द्वारा एम आर 10 पर बनाए जा रहे बस टर्मिनल से उन सभी यात्रियों को लाभ होगा जिन्हे इंदौर से अन्य प्रदेशों में यात्रा करना होगी। लवकुश चौराहे पर बन रहे दोनों फ्लाय ओवर इंदौर को प्रदेश में एक विशिष्ट पहचान देंगे। प्राधिकरण मुख्य कार्यपालिक अधिकारी श्री आर.पी. अहिरवार ने बताया की अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल की क्षमता 1400 बस प्रतिदिन आवागमन की होकर इस बस टर्मिनल से लगभग 80000 यात्री प्रतिदिन अपनी यात्रा कर सकेंगे। यह परिसर पूर्णतः वातानुकूलित होगा एवं इसे विमानतल की तर्ज पर बनाया जा रहा है साथ ही इस बस टर्मिनल का कार्य लगभग 80 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। लवकुश फ्लाय ओवर के बारे में श्री अहिरवार ने बताया की 66 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस फ्लाय ओवर की लंबाई 675 मीटर तथा चौड़ाई 24 मीटर है। यह फ्लाय ओवर प्रस्तावित मेट्रो लाईन के समानांतर होकर गुजरेगा, जो एम आर 10 को सुपर कॉरीडोर से सीधी कनेक्टिविटी देगा।

# रामजन्म भूमि के न्यास स्वामी गोपालदास महाराज का नागरिक अभिनंदन होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राम जन्मभूमि न्यास के अध्यक्ष स्वामी नृत्य गोपालदास महाराज का क24 अगस्त को इंदौर में नागरिक अभिनंदन होगा। महापौर पुष्यमित्र भार्गव और देव से महादेव वेलफेयर सोसाइटी के प्रमुख पूर्व विधायक आकाश विजयवर्गीय ने बताया कि उक्त जानकारी देते हुए बताया की राम जन्मभूमि न्यास अयोध्या के अध्यक्ष स्वामी नृत्य गोपालदास महाराज 24 अगस्त को इंदौर आ रहे हैं। इस इंदौर यात्रा के दौरान इंदौर नगर निगम द्वारा स्वामी का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। नृत्य गोपादास महाराज कृष्ण जन्मभूमि न्यास के भी अध्यक्ष है और वे 24 अगस्त को इंदौर पहुंचकर पितृ पर्वत पर 5 घंटे भी रूकेंगे।

पितृ - पर्वत पर हनुमानजी के दर्शन और पौधारोपण का आयोजन भी होगा। इस मौके पर वे शहर के प्रमुखजनों से चर्चा भी करेंगे। भार्गव और विजयवर्गीय ने बताया कि 24 अगस्त की शाम 6 बजे होटल सयाजी में नगर निगम और देव से महादेव वेलफेयर सोसायटी नृत्य गोपादास महाराज का नागरिक अभिनंदन करेगी। 100 से ज्यादा संगठन के पदाधिकारी इस अभिनंदन के साक्षी बनेंगे।

राम मंदिर के भूमिपूजन, अयोध्या के निर्माण और प्राण-प्रतिष्ठा से स्वामी नृत्य गोपालदास महाराज जुड़े रहे। स्वामी की मौजूदगी में तुलसी, परिजात और शमी के पौधों का वितरण किया जाएगा। नेतावल्य ने बताया कि स्वामी नृत्य गोपालदास महाराज अयोध्या से अभिमंत्रित रक्षासूत्र लेकर 24 अगस्त को इंदौर आएंगे और 25 अगस्त को पितृ पर्वत और शहर के प्रमुख धर्म स्थलों से यह रक्षासूत्र धर्मावलंबियों को वितरित करेंगे।

# आन्ध्रप्रदेश के अफसरों ने आईडीए की कार्यप्रणाली को समझा

### दल ने अर्बन डेवलपमेंट अर्थॉरिटी नियमों का अध्ययन किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। स्वच्छता में नम्बर वन आने के बाद से ही देश के विभिन्न शहरों के अफसर इंदौर की सफाई व्यवस्था देखने के लिए आते रहते है। अब इदौर विकास प्राधिकरण व्दारा शहर में विभिन्न प्रोजेक्टों पर किए जा रहे विकास कार्यों की गूंज बढ़ती जा रही है। इसी सिलसिले में आईडीए के विकास कार्यों को देखने के लिए**

आन्ध्र प्रदेश सरकार ने अधिकारियों के एक दल को इंदौर भेजा है। बुधवार को इंदौर आए आंध्र प्रदेश सरकार के दल ने आईडीए पहुंचकर अधिकारियों से चर्चा की। इस मौके पर मेहमान अधिकारियों ने आईडीए की कार्यप्रणाली को समझा। दल का उद्देश्य देश में सर्वश्रेष्ठ अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटीज की कार्य प्रणाली को निकट से देखना और उनकी नीतियों को अध्ययन कर अपने प्रदेश में लागू करना है। दल में विजयवाडा म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के सिटी प्लानर एसपी प्रसाद जोनल जॉइंट डायरेक्टर विजयवाडा म्युनिसिपल कॉरपोरेशन के श्री जुबिन राय प्लैनिंग ऑफीसर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी के श्री हिमा बिंदु एवं राजमुंदरी टीसीपी के अरूणावल्ली शामिल थे।

इंदौर आए उक्त दल ने आईडीए में अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी नियमों का अध्ययन किया साथ ही उनके वित्तीय मॉडल का को समझा , ताकि विकास को अपेक्षित गति दी जा सके। इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी आर पी अहिरवार ने बताया की मध्य प्रदेश में केवल इंदौर विकास प्राधिकरण की कार्यप्रणाली को ही समझने के लिए यह दल आया है अधिकारियों को यथासंभव चाहे गई समस्त जानकारी/दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं, सिटी प्लानर श्रीमती रतना बोचरे एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारियों ने इंदौर विकास प्राधिकरण की कार्य प्रणाली को विस्तार से समझाया और उनके द्वारा पूछे गए प्रश्नों के समाधान कारक उत्तर दिए ।

### डॉ. अनुराग भार्गव द्वारा जटिल फेशियल डिफॉर्मिटी की सफल सर्जरी

इंदौर। मैक्सिलोफेशियल सर्जन डॉ. अनुराग भार्गव और उनकी टीम ने फिर एक सफलता अपने नाम की है। उन्होंने अपने फेशियल सर्जिकल क्लिनिक में डेवलपमेंटल फेशियल डिफॉर्मिटी के एक मरीज की सफलता पूर्वक सर्जरी कर उसे बेहतर गुणवता वाला जीवन जीने के लायक बनाने का प्रयास किया है। संभवतः यह मध्य भारत की पहली इतनी बड़ी फेशियल डिफॉर्मिटी सर्जरी है जिसमें लगभग पूरा जबड़ा ही नया बनाया गया है। इस मरीज को बचपन में गिरने से चोट लगी थी, जिसके कारण उसके जबड़े के दोनों जोड़ खराब हो गए थे। बचपन में लगी इस चोट की वजह से मरीज का मुंह नहीं खुल पाता था। इस मरीज की मुंह खुलने के लिए प्राथमिक सर्जरी कहीं और हो चुकी थी। 26 वर्षीय यह युवक डॉ भार्गव के पास आया तब उन्होंने देखा कि उसका चेहरा अपने सामान्य आकार में नहीं है, बेढंगा है और उसको खाना खाने, चबाने में भी दिक्कतें आ रही थीं, जिसके कारण उसके शरीर की वृद्धि नहीं हो पा रही थी, वजन नहीं बढ़ पा रहा था, तो ऐसे में प्लान करके सर्जरी करने का एकमात्र विकल्प था।

# शहर का 15वां निशुल्क योग केन्द्र क्लर्क कालोनी में खुलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेली देवी योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में शहर का 15वां नियमित योग केन्द्र क्लर्क कालोनी स्थित श्रीराम मंदिर के पास, जैन मंदिर के पीछे, समर्थ रामदास सेवा मंडल परिसर में प्रारंभ होगा। इसके पूर्व 23 से 25 अगस्त तक तीन दिवसीय मेगा योग शिविर का आयोजन भी इसी स्थान पर किया जाएगा। शिविर का समय सुबह 7 से साढ़ 8 बजे तक रहेगा। समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल की प्रेरणा से अब तक 14 स्थानों पर निशुल्क योग केन्द्रों की स्थापना बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र के सहयोग से हो चुकी है। इन सभी स्थानों पर निशुल्क योग कक्षाएं प्रतिदिन चल रही हैं। कुछ योग केन्द्र तो केवल महिलाओं के लिए स्थापित किए गए हैं और वहां भी बड़ी संख्या में महिलाएं इनका लाभ उठा रही हैं। शिविर संयोजक किशोर गोयल एवं प्रशिक्षक श्रीमती आशा जैन ने बताया कि अब 15वें योग केन्द्र के लिए समर्थ रामदास सेवा मंडल क्लर्क कालोनी पर 23 अगस्त से तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजनकिया जा रहा है।

# कार्यकर्ता नहीं अब बकायादार की पीसीसी में भीड़

### कांग्रेस को बदनाम कर रहे है मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मप्र के मुख्यालय (पीसीसी) में बीते दिनों से कार्यकर्ताओं की नहीं बकायादारों की भीड़ देखी जा रही है। प्रदेश के करोड़ों कार्यकतार्ताओं और संगठन को हाशियें पर रखने वाले प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख, लंबा एवं गौरवपूर्ण इतिहास रखने वाली और आजादी के लिए लड़ने वाली हमारी मातृ तुल्य पार्टी की साख खराब करने में जुटे हुए हैं।

कांग्रेस से निष्कासित अजय चौरड़िया ने उक्त आरोप लगाते हुए बताया कि बीते दिनों से लगातार भोपाल स्थित पीसीसी कार्यालय पर तमाम लोग बकाया वसूली के लिए पहुंच रहे हैं। छह महीनों से पार्टी के प्रदेश मुख्यालय ने कई लोगों और संस्थाओं का करोड़ों रुपये का भुगतान रोक रखा है। चाहे कैटरर हो, होटल हो, ट्रेवल्स वाले हो या प्रिंटिंग प्रेस वाले या प्रदेश कार्यालय में छोटा-मोटा काम करने वाले विभिन्न वेंडर के साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कार्यभार संभालने के बाद सबसे पहले पीसीसी के भवन में वास्तु ठीक करवाने के नाम पर तोड़-फोड़ और निर्माण कार्य करवाया। वास्तु बदलने की बजाय संगठन को नेस्तनाबूद कर रहे अध्यक्ष ने अब तक इस निर्माण कार्य को करने वाले ठेकेदारों का भी भुगतान रोक रखा है। पीसीसी के मेहमान बनकर आने वाले अखिल भारतीय कांग्रेस के पदाधिकारी एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं प्रतिनिधियों के लिए लगाए जाने वाले वाहनों का भुगतान भी नहीं किया गया है। और तो और तमाम इन तमाम वरिष्ठ के लिए बुक किए गए होटल्स वाले भी सिर्फ कांग्रेस की साख का ध्यान रखकर धैर्य रखे बैठे हैं। वह दिन दूर नहीं जब अध्यक्ष की कार्यप्रणाली का नतीजा प्रदेश कांग्रेस को भुगतना होगा और बकायादारों की तरह नोटिसों का सामना करना पड़ेगा। इस सबके जिम्मेदार सिर्फ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ही रहेंगे।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के फायदे और खतरे बताएंगे विश्व के साइंटिस्ट

### आईबीसीडी 2024 डेटा साइंस और एआई में उत्कृष्टता के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय(इंदौर) अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भी दुनिया बनाने जा रह रहा है। मेक्सिको के जाने-माने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विशेषज्ञ अब देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ प्राध्यापकों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा एनालिसिस, सूचना प्रौद्योगिकी, समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान आदि पर काम करेंगे। व्यवसाय ,स्वास्थ्य ,चिकित्सा, गवर्नेस, क्लाइमेट चेंज, डिफेंस से लेकर स्पेस साइंस तक के लिए जन उपयोगी टूल्स या मॉड्यूल विकसित करेंगे यह यूनिवर्सिडाड ऑटोनोमा डे तामाउलिपास और स्कूल ऑफ डाटा साइंस एंड फोरकास्टिंग डीएवीवी के बीच एक समझौता ज्ञापन है। स्कूल ऑफ डाटा साइंस एंड फोरकास्टिंग के विभागाध्यक्ष प्रो. विजय बाबू गुप्ता और आयोजक प्रो. शिशिर कुमार शांडिल्य ने यह जानकारी देते हुए बताया कि उनका विभाग, 23 और 24 अगस्त 2024 को इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन बिजनेस इंटेलीजेंस, कम्प्यूटकशनल मैथमेटिक्स एंड डाटा एनालिटिक्स आयोजित कर रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसमें मैक्सिको के यूनिवर्सिडाड ऑटोनोमा डे तामाउलिपास के फर्नांडो ऑर्टिज- रॉड्रिगेज और ग्वालियर एकेडमी ऑफ मैथमेटिकल साइंसेज, इंडिया सहयोगी के रूप में सहभागी है।

इस सम्मेलन का उद्देश्य व्यवसाय बुद्धिमत्ता, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), मशीन लर्निंग (एमएल), और डेटा साइंस के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों और अनुसंधानों को साझा करना है। यह सम्मेलन एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जहां शैक्षिक और उद्योग विशेषज्ञ महत्वपूर्ण क्षेत्रों को मिलकर अन्वेषण कर सकेंगे। आईबीसी 2024 में डेटा साइंस, गणित, स्वास्थ्य देखभाल, साइबर सुरक्षा, और व्यवसाय विश्लेषिकी में लागू बुद्धिमत्ता पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, ताकि सैद्धांतिक प्रगति को वास्तविक दुनिया के समाधान में परिवर्तित किया जा सके। सम्मेलन के मुख्य विषयों में व्यापार में डेटा-चालित निर्णय लेना, एआई और मशीन लर्निंग के लिए गणनात्मक गणित, अनुकूल समस्याओं के लिए गणनात्मक द्रष्टिकोण, पैटर्न पहचान के लिए मशीन लर्निंग तकनीके, भविष्यवाणी मॉडलिंग के लिए सांख्यिकीय विधियां, विभिन्न क्षेत्रों में डेटा विश्लेषण, संघीय लर्निंग और गोपनीयता-संवर्धन प्रौद्योगिकियां और उपभोक्ता गोपनीयता संरक्षण, सामाजिक नेटवर्क विश्लेषण और डेटा दृश्य तकनीकें और उपकरण, साइबर सुरक्षा और खतरे की पहचान के लिए डेटा-चालित द्रष्टिकोण, संज्ञानात्मक कंप्यूटिंग और निर्णय समर्थन प्रणाली, और नेचर इंस्पायर्ड साइबर सिक्योरिटी के लिए डेटा विश्लेषण शामिल हैं। भारत, मेक्सिको, अमेरिका और अन्य देशों से अनुसंधान पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। आईबीसीडी 2024 सम्मेलन नवीनतम शोध को सामाजिक प्रभाव वाले ठोस समाधानों में परिवर्तित करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, और यह उन सभी के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है जो डेटा साइंस और संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्टता की खोज में लगे हुए हैं।

# गोडाउन से पेस्टीसाईड दवाइयां चुराने वाले पकड़ाए

**आरोपियों से 6 लाख का माल बरामद**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया पुलिस ने गोडाउन से पेस्टीसाईड दवाइयों के कार्टून चुराने वाले तीन बदमाशों को गिर तार कर इनके कब्जे से छह लाख रूपए का माल बरामद किया है।**

डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि 12 अगस्त को फरियादी सुशील पिता खिलावन कोष्टी निवासी बजरंग नगर लसूडिया थाने पहुंचे और रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात बदमाश उनके गोडाउन कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड एसआर कंपाउंड का शटर उचककार अंदर रखी पेस्टीसाईड दवाइयों को चुराकर ले गए हैं। इस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। बदमाशों की धरपकड़ के लिए डीसीपी ने एसीपी(आईपीएस) कृष्णलाल चंदानी को निर्देशित किया। एसीपी विजयनगर कृष्णलाल चंदानी ने थाना प्रभारी तारेश सोने के नेतृत्व में टीम गठित की। इस बीच एसीपी को मुखबिर से सूचना मिली कि खंडवा जिले के खालवा थाना क्षेत्र में खेती हेतु प्रयोग में ली जाने वाली दवाईयों को बाजार में सस्तेदामों में शुभम पंवार व अखिलेश बेच रहे हैं। इस पर एसीपी लालचंदानी ने एक टीम बदमाशों की धरपकड़ के लिए खालवा थाना क्षेत्र के कु हार मोहल्ला भेजी। वहां जाकर टीम ने शुभम पंवार और अखिलेश पिता उमेश सिंह राजपूत निवासी हरदा के घर दबिश दी और वहां से 100 पेस्टीसाईड दवाइयों के कार्टून प्राप्त किए। बदमाशों ने अअपने साथी विक्की और लखन के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों से एक लोडिंग वाहन भी जब्त किया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिर तार कर लिया है वहीं उनके एक साथी विक्की सिंह फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

## मीटर बदलते समय आग लगी, कर्मचारी झुलसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। न्यू पलासिया क्षेत्र स्थित एक अपार्टमेंट में बिजली मीटर बदलते समय मीटरों में अचानक फाल्ट हुआ और आग लग गई जिसके कारण विद्युत मंडल का एक कर्मचारी झुलस गया।**

मिली जानकारी के अनुसार घटना न्यू पलासिया की कृष्णा आर मुनि सोसायटी में हुई। विद्युत मंडल का कर्मचारी आदित्य सिकरवार पुराने मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर लगा रहा था। इसी बीच अचानक फाल्ट हुआ और आग लग गई। इसके बाद एक के बाद एक करीब सात मीटर जल गए। यही नहीं कर्मचारी के दोनों हाथ झुलस गए। उसकी पीठ में भी चोट आई। हालांकि मौके पर मौजूद रहवासियों ने तत्काल सप्लाई बंद करवाई और आग को बुझाया। सोसायटी के अध्यक्ष प्रभुत कोठारी का कहना है कि यहां पूर्व में लगे मीटरों को बदलने का काम चल रहा था उस दौरान ये घटना हुई। बताया जा रहा है कि यदि आग को नहीं बुझाया जाता तो और फैल जाती। उधर बायपास स्थित चोइथराम स्कूल के पास एक केटरिंग के गोडाउन में आग लगने से गोदाम में रखा सामान जल गया। हालांकि घटना के दौरान वहां कोई नहीं था इसलिए नुकसानी का आकालन अब तक नहीं हो पाया है।

### अवैध गैस रिफलिंग,केस दर्ज

**इंदौर।** चंदननगर इलाके में पकड़े गए अवैध गैस रिफलिंग के मामले में पुलिस ने खादय अफसर की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक खादय विभाग की टीम ने 6 अगस्त को चंदननगर इलाके में अशफाक पिता अकरम के मकान पर छापा मारा था। टीम ने अवैध गैस रिफलिंग पाई और इलेक्ट्रिक मशीन सहित गैस टंकियां भी बरामद की थी। इस मामले में जांच के बाद कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी दिलीप कुमार मनवारे की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### कार ले उड़ा आरोपी

**इंदौर।** हीरानगर इलाके में जूम कार इंडिया प्रा लि के एप के माध्यम से एक बुक की गई कार आरोपी ले उड़ा। पुलिस के मुताबिक फरियादी दर्शन पिता राकेश पाटीदार निवासी बजरंग नगर की रिपोर्ट पर आरोपी अफसार अहमद अंसारी निवासी भिवंडी महाराष्ट्र पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि मैंने मेरी कार 15 जुलाई को जूम कार इंडिया प्रालि के एप के माध्यम से एक बुकिंग पर आरोपी को दी थी। उसने मेरी कार दोपहर 12 बजे से रात 8 बजे तक के लिए बुक की थी लेकिन कार वापस लेकर नहीं आया। अमानत में खयानत कर मेरी कार ले गया।

### कारें टकराई, सास-बहू घायल

**इंदौर।** खुड़ैल इलाके में तेज र तार कार की टक्कर से दूसरी कार में सवार सास और बहू घायल हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हादसा इंदौर नेमावर रोड पर ग्राम आठ मील से सात मील के बीच हुआ। पुलिस ने फरियादी रजनेश पिता ईश्वरलाल नागेरा निवासी देवगुराडिया की रिपोर्ट पर कार क्रमांक एमपी 47 सीए 4511 के चालक पर केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि वह कार से पत्नी कविता और सास सीताबाई खटोड़ के साथ नेमावर रोड पर जा रहा था तभी आरोपी कार चालक ने तेज गति से गाड़ी चलाते हुए सामने से उसकी कार में टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी और सास गंभीर रूप से घायल हो गई।

### बाइक चालक को पीटा

**इंदौर।** क्षिप्रा इलाके में एक ट्रक चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। विवाद हुआ तो ट्रक चालक और साथियों ने फरियादी के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक घटना डीएलएफ रोड मांगलिया में हुई। फरियादी ईश्वर चौहान निवासी कांकड मांगलिया की रिपोर्ट पर आरोपी सचिन,कैलाश,कालू और सुरेश सोलंकी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि आरोपियों ने टक्कर लगने के बाद विवाद कर गालियां दी व मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दी।

### बहू को घर से निकाला

**इंदौर।** राजेंद्र नगर पुलिस ने सोनल अग्रवाल जवाहर नगर की रिपोर्ट पर उसके पति सिदार्थ अग्रवाल,नानी सास आशा अग्रवाल, सास रितु निवासी आगरा उत्तरप्रदेश के खिलाफ दहेज का केस दर्ज किया है। फरियादी को शादी के बाद से ही सताया जा रहा था और दहेज की मांग की जा रही थी। सोनल ने बता दिया था कि उसके पास जो पैसा था वो दे दिया है लेकिन मुलजिमों ने उस पर अत्याचार कम नहीं किए और घर से निकालते हुए कहा कि जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होगी तुझे यहां रहने नहीं देंगे।

## महिला का पर्स लूटने वाले धराए घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जूनी इंदौर थाना क्षेत्र की बैराठी कालोनी में महिला का पर्स लूटकर भागने वाले बदमाशों को पुलिस ने गिर तार कर इनके कब्जे से लूटा गया माल व घटना में प्रयुक्त मोटरसायकल बरामद कर ली है। वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है।**

डीसीपी जोन-4 त्रषिकेश मीणा ने बताया कि बैराठी कालोनी में रहने वाली महिला 17 अगस्त को जूनी इंदौर थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया जा वह पैदल जा रही थी इस दौरान बाइक पर आए बदमाश उसके हाथ से झपट्टा मारकर उसका पर्स और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। इस पर डीसीपी ने बदमाशों की धरपकड़ के लिए एडिशनल डीसीपी आनंदव यादव को निर्देशित किया। उन्होंने बदमाशों की धरपकड़ के लिए एसीपी देवेंद्र सिंह धुर्वे के नेतृत्व में टीम गठित की। गठित टीम में थाना प्रभारी शैलेंद सिंह जादौन भी शामिल थे। टीम ने सबसे पहले घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खगाले और हाईटेक तकनीक का उपयोग कर बदमाशों की पहचान की और फिर वारदात को अंजाम देने वाले मुर्करमपिता अकबर निवासी विजय पैलेस, सोहेल पिता शाकिर निवासी विजय पैलेस को गिर तार किया। इनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने महिला का पर्स लूटना कबूल किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फरियादिया का लूटा गया पर्स व मोबाइल बरामद कर लिया है। वहीं अन्य घटनाओं के संबंध में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने जब इनका आपराधिक रिकार्ड खगाला तो दोनों पर पूर्व में कई मामले दर्ज होना पाया गया।

### सूने घर से लाखों की चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आजाद नगर पुलिस ने आलोक सिंह ठाकुर निवासी मयूर नगर मूसाखेड़ी की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया है। फरियादी के घर से लाखों रूपए का माल गायब कर दिया। फरियादी जब घर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था। चोरों ने गैस की टंकी के साथ पलंग पेटी में रखे जेवर भी गायब कर दिए जिसमें सोने का हार और अन्य जेवर शामिल थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची तो लोगों ने बताया कि एक दिन पहले दो तीन संदिग्ध लोग घर के आसपास नजर आए थे संभवतः उन्हीं ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसके अलावा हातोद पुलिस ने गिरीश दुबे निवासी बदरखा की रिपोर्ट पर चोरी का केस दर्ज किया है। गांव में ही फरियादी का फार्म हाउस है। यहां चोर घुसे और टीवी,पंखा, डीवीआर और अन्य सामान चुराकर ले गए। जब फरियादी पहुंचा तो सामान गायब था। उसने हातोद पुलिस को इसकी जानकारी दी और मामला दर्ज करवाया। पुलिस चोरों की तलाश कर रही है।

## पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सतत जुड़ रहे उपभोक्ता

**मालवा निमाड़ में रूफ टॉप सोलर नेट मीटर वाले उपभोक्ताओं की संख्या हुई 17500**

**छः माह के दौरान छतों से बिजली बनाने वाले 55 प्रतिशत बढ़े**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के लागू होने के बाद रूफ टॉप सोलर नेट मीटर अपनाने वालों की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी हो रही है। फरवरी से लेकर अगस्त तीसरे सप्ताह तक छतों, परिसरों में सोलर पैनल्स लगाने वालों की संख्या में करीब 55 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। सबसे ज्यादा बढ़ोत्तरी इंदौर और देवास जिले में दर्ज हुई है।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने बताया कि कंपनी के मौजूदा उपभोक्ताओं द्वारा छतों, परिसरों से बिजली बनाने में काफी रूचि ली जा रही है, शहरी क्षेत्र के प्रत्येक डिविजनों में रोज आवेदन आ रहे है। इन्हें कम से कम समय में मंजूरी दी जा रही है। पीएम सूर्यघर योजना को लेकर बिजली उपभोक्ताओं में व्यापक रूचि है, इसी वजह से छः माह में करीब साढ़े पांच हजार उपभोक्ताओं ने रूफ टॉप सोलर



नेट मीटर अपनाकर मेरी छत मेरी बिजली का नारा बुलंद किया हैं। श्री तोमर ने बताया कि अगस्त के तीसरे सप्ताह तक कंपनी क्षेत्र में 17500 उपभोक्ता रूफ टॉप सोलर नेट मीटर योजना से जुड़े है। तीन किलो वाट तक सोलर संयंत्र लगाने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है, क्यों कि इस क्षमता तक वर्तमान में अधिकतम 78 हजार रूपए की सब्सिडी केंद्र शासन की ओर से उपलब्ध हैं। श्री तोमर बताया कि पीएम सूर्यघर योजना को लेकर सबसे ज्यादा वृद्धि इंदौर जिले और देवास जिले में दर्ज हुई है। इसके बाद उज्जैन जिला हैं। प्रबंध निदेशक श्री तोमर ने बताया कि कोई भी उपभोक्ता केंद्र शासन और बिजली कंपनी के अधिकृत रूप से दर्ज वेंडर से रूफ टॉप सोलर नेट मीटर संयंत्र लगा सकता है। सोलर संयंत्र लगाने वाले उपभोक्ताओं का बिल अगले बिल माह से ही कम आने लगेगा। बिल में उसके परिसर से उत्पादित सोलर बिजली भी स्पष्ट रूप से दर्ज होती है।

### पश्चिम मप्र के शहरों की स्थिति

पश्चिम मप्र में सबसे ज्यादा सोलर रूफ टॉप इंदौर शहर में हैं। इंदौर मध्य शहर, सुपर कॉरिडोर क्षेत्र, बायपास से लगी कॉलोनियों, औद्योगिक इलाकों इत्यादि में मिलाकर 10 हजार सात सौ स्थानों पर सूरज की किरणों को सहेजकर बिजली तैयार की जा रही है। उज्जैन शहर में 1200 से ज्यादा और देवास शहर में 500 और रतलाम शहर में 450 उपभोक्ता बिजली तैयार कर रहे हैं। तुलनात्मक रूप से फरवरी से अगस्त तक सबसे ज्यादा प्रतिशत आधारित बढ़ोत्तरी देवास और इंदौर शहर में हुई है।

# श्मशान घाट तक शिप्रा का पानी बढ़ने से चिता डूबी

## अफरा-तफरी मची; कांग्रेस बोली- इंदौर-उज्जैन के अफसरों में कोऑर्डिनेशन की कमी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन ,(एजेंसी)। इंदौर में दो दिन से हो रही बारिश की वजह से उज्जैन में शिप्रा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बुधवार दोपहर 12.30 बजे पानी चक्रतीर्थ श्मशान घाट तक पहुंच गया। घुटनों तक पानी भरने से यहां जलती चिता आधी डूब गई। क्रियाक्रम कर रहे लोगों को शव छोड़कर पानी से बाहर होना पड़ा।**

लोगों के मुताबिक, जब वे अंतिम संस्कार करने के लिए आए, तब जलस्तर बहुत कम था। क्रियाएं शुरू ही की थीं, चिता जलने के कुछ देर बाद ही अचानक से बाढ़ आ गई। नदी का पानी श्मशान घाट तक आ गया। इस वजह से पीछे हटना पड़ा। हालांकि, कुछ लोग आगे बढ़े और



जैसे-तैसे दाह संस्कार की प्रक्रिया तेजी से पूरी की। उधर, इस मामले में कांग्रेस ने नगर निगम की बीजेपी सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। यह भी कहा है कि इंदौर-उज्जैन में कोऑर्डिनेशन की कमी से ऐसे हालात बने।

### इंदौर और उज्जैन के अधिकारियों में कोऑर्डिनेशन होना चाहिए

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने कहा, ह्यपीएचई (लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी) और जल संसाधन विभाग को पता नहीं था क्या कि इंदौर में दो दिन से पानी गिर रहा है। इसलिए इन्हें इंतजाम करना चाहिए। रोजाना 30 हजार लोग शिप्रा में स्नान करते हैं। पानी बढ़ने से लोग परेशान होते रहे। घुटने तक पानी बढ़ गया, लेकिन किसी को खबर ही नहीं। इंदौर और उज्जैन के अधिकारियों में कोऑर्डिनेशन होना चाहिए।

**इंदौर की कान्ह नदी का पानी शिप्रा में आता है-** इंदौर की कान्ह नदी का पानी उज्जैन आकर शिप्रा नदी में त्रिवेणी घाट के पास मिलता है। कान्ह नदी 21 किलोमीटर लंबी है। इंदौर में मंगलवार से बारिश हो रही है। बुधवार सुबह 11 बजे बाद इंदौर शहर के पूर्वी और मध्य इलाके में तेज बारिश हुई। पूरे इंदौर की बात करें तो 24 घंटे में 2 इंच बारिश हो गई। इस सीजन में अब तक 20 इंच पानी गिर चुका है। सीजन में बारिश का कोटा 36 इंच है।

# थाने पर पथराव, टीआई समेत 3 घायल

## जान बचाकर भागे पुलिसकर्मी भीड़ को खदेड़ने हवाई फायरिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छतरपुर, (एजेंसी)। **छतरपुर में एक समुदाय को लेकर किसी शख्स के आपत्तिजनक कमेंट से नाराज लोगों ने बुधवार शाम को सिटी कोतवाली पर पथराव कर दिया। भीड़ ने पहले नारेबाजी की। फिर देखते ही देखते पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसमें थाना प्रभारी अरविंद कुंजर, आरक्षक भूपेंद्र कुमार और एडीएम के गनमैन राजेंद्र चढ़ार घायल हो गए। ठक की हालत गंभीर है, जिनका कउव में इलाज चल रहा है।**

सूचना मिलते ही कलेक्टर पार्थ जैसवाल और एसपी अगम जैन अस्पताल पहुंचे। कलेक्टर ने बताया कि पथराव में और दो पुलिसकर्मियों को चोट आई है। उनका इलाज चल रहा है। अभी मैं एसपी के साथ शहर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने निकला हूं, हालत के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शिकायत लेकर पहुंचे थे, हाथ में हथियार भी थे-** दरअसल, विवाद एक समुदाय को लेकर किसी व्यक्ति की आपत्तिजनक टिप्पणी से शुरू हुआ। इससे नाराज होकर बुधवार शाम करीब 5 बजे समाज के लोग थाने में शिकायती आवदेन देने पहुंचे थे। धीरे-धीरे इनकी संख्या बढ़ती गई। सभी थाने के बाहर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। तभी भीड़ में कुछ लोग पुलिस को हथियार और पत्थर लिए नजर आए। इस पर पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से थाना परिसर का मेन गेट बंद कर दिया।

मेन गेट के बंद होते ही भीड़ ने और जोर से नारेबाजी शुरू कर दी। कुछ पुलिसकर्मी उन्हें शांत करवाने बाउंड्रीवॉल पर चढ़े। वे उन्हें शांत करने कहते रहे। टीआई भी आवेदन लेने थाने बाहर निकले। वे मेन गेट पर पहुंचे ही थे कि भीड़ में आए लोग विवाद करने लगे। वे सभी मेन गेट पर पहुंचे ही थे कि बाहर से पथराव कर दिया गया। बांउड्रीवॉल पर खड़े जवान कूदकर भागे।

वहीं, टीआई ने भी खुद को बचाने की कोशिश की, लेकिन वे बच नहीं पाए। उनके साथ एक पुलिसकर्मी भी पत्थर लगने से घायल हो गए। टीआई को सिर, हाथ, पैर और सीने में पत्थर लगे हैं। पुलिसकर्मी को कई जगह चोट आई है।

# स्कूल के नाटक में पाकिस्तानी झंडा, डीईओ को नोटिस

## रतलाम में चक्काजाम, स्कूल प्रबंधन बोला-विभाजन की कहानी बता रहे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम,(एजेंसी)।** रतलाम के प्राइमरी स्कूल में नाटक के दौरान पाकिस्तान का झंडा लहराने का वीडियो सामने आया है। चाइल्ड लाइन से शिकायत के बाद बाल कल्याण समिति ने डीईओ को नोटिस जारी कर स्कूल की मान्यता रद्द करने के निर्देश दिए हैं। इधर, बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकतार्ओं ने कलेक्टोरेट के सामने महू-नीमच मार्ग पर चक्काजाम किया।

जिले के द टाइम किड्स प्री-स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम में नाटक प्रस्तुति के दौरान एक बच्ची ने पाकिस्तान का झंडा पकड़ा था। स्कूल प्रबंधन का कहना है, आजादी की कहानी का मंचन किया था। एक दृश्य के कारण भावना आहत हुई है, तो इसके लिए खेद है।

### कलेक्टोरेट के घेराव के बाद चक्काजाम

एबीवीपी कार्यकतार्ओं ने दोपहर करीब 12:30 बजे कलेक्टोरेट का घेराव करने पहुंचे। आधे घंटे तक कलेक्टर राजेश बाथम का इंतजार करते रहे। नारेबाजी होते देख कलेक्टर कार्यकतार्ओं से बिना बात किए चले गए। इससे नाराज कार्यकतार्ओं ने बरसते पानी में महू-नीमच फोरलेन पर बैठ गए। पुलिस और प्रशासन के अफसर भी मौके पर पहुंचे। कार्यकर्ता कलेक्टर को बुलाने की मांग पर अड़े रहे। कुछ देर बाद अपर कलेक्टर आरएस मंडलोई, एएसपी राकेश खाका भी पहुंचे। अफसरों ने दो दिन में स्कूल के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। इस दौरान एबीवीपी की प्रांत सह मंत्री रागिनी यादव बेसुध होकर गिर पड़ीं, उन्हें अस्पताल ले जाया गया।



### वीडियो में हर बच्चे के हाथ में झंडा

वीडियो को स्कूल के इंस्टाग्राम पेज पर 16 अगस्त को शेयर किया गया। इसमें बच्चे मंच पर अलग-अलग वेशभूषा में प्रस्तुति देते नजर आ रहे हैं। सभी बच्चे तिरंगा लहराते नजर आ रहे हैं। इनमें से एक बच्ची के हाथ में पाकिस्तान का झंडा दिख रहा है। बैकग्राउंड में देशभक्ति गीत बज रहा है।

### बाल कल्याण समिति एक्शन में

वीडियो सामने आने के बाद 17 अगस्त को चाइल्ड लाइन को गोपनीय रूप से शिकायत की गई। शिकायत के आधार पर चाइल्ड लाइन ने प्रतिवेदन बनाकर बाल कल्याण समिति को भेजा। बाल कल्याण समिति ने मंगलवार को जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर स्कूल की जांच के निर्देश दिए। समिति सदस्य शंभू मांगरोदा और ममता चौहान के हस्ताक्षर से जारी नोटिस की प्रतिलिपि प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग भोपाल और रतलाम कलेक्टर को भेजी गई है।

### स्कूल बोला- नाटक में दोनों देशों के झंडे थे

प्री-स्कूल के डायरेक्टर दीपक पंथ ने बताया, आजादी की कहानी का मंचन किया गया था। इसमें भारत-पाकिस्तान के विभाजन का दृश्य बताया गया था। इसमें दोनों देशों के झंडे थे। किसी ने उस दृश्य को वायरल कर दिया। हमारे पास स्क्रिप्ट है। आजादी की कहानी बच्चों को बताने के लिए नाट्य किया। माफी भी मांग ली है। हालांकि, बच्चे छोटे हैं जो कि इससे अनजान हैं।

# सुपर स्टार रजनीकांत की पुत्री सौंदर्या ने किए महाकाल दर्शन

**उज्जैन,निप्र।** बुधवार को सुबह भस्म आरती में शामिल होने दक्षिण भारत के सुपर स्टार रजनीकांत की छोटी बेटी सौंदर्या महाकाल मंदिर पहुंची। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना की। सौंदर्या साधारण वेशभूषा में मंदिर आईं। वे ध्यान लगाकर नंदी हाल में भी पीछे की ओर बैठी थी। सौंदर्या ने भस्म आरती समाप्त होने के बाद मंदिर की देहरी से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। सौंदर्या ने तमिल फिल्म इंडस्ट्री में डायरेक्टर के रूप में करियर की शुरूआत की थी,वहीं 2014 में फिल्म का निर्देशन करके भी वे चर्चा में रही थी। सौंदर्या ने बाबा महाकाल के दर्शन कर नंदी हॉल में बैठकर शिव आराधना की और नंदीजी के कान में अपनी मनोकामना कही।

**टेटवाल ने बाबा महाकाल के दर्शन किए-** जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने बुधवार को सुबह महाकाल मंदिर पहुँच कर बाबा महाकाल के दर्शन कर पूजन किया। उन्होंने मंदिर की देहरी से बाबा महाकाल के दर्शनों का लाभ लिया और नंदी हॉल में ध्यान लगाया।

# ऑटो चालक की पीट-पीटकर हत्या

## पत्नी और इकलौते बेटे ने बेहोश होने तक की मारपीट; बेटे ने दी थी सबक सिखाने की धमकी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर ,(एजेंसी)।** ग्वालियर में एक ऑटो चालक की उसकी पत्नी और इकलौते बेटे ने लाठी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। दोनों ऑटो चालक को बेहोश होने तक पीटते रहे। घटना के बाद ऑटो चालक को उसका भाई और मामा जिला अस्पताल मुरार लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना मंगलवार रात 10 बजे बड़ागांव खुरैरी की है। हत्या से दो घंटे पहले हुए विवाद में आरोपी बेटे ने पिता को सबक सिखाने की धमकी दी थी। मृतक के भाई का आरोप है कि कुछ महीने से मृतक की पत्नी अपने दोनों बच्चों को लेकर किसी प्रॉपर्टी डीलर के साथ रह रही है। जबकि आरोपी बेटे का कहना है कि उसे पिता के किसी से संबंध होने का संदेह था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम हाउस पहुंचाया। बेटे और पत्नी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी बेटे को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि पत्नी फरार है। हत्या आरोपी पत्नी सुनीता, बेटा राज उर्फ गोलू, पुलिस ने गोलू को गिरफ्तार कर लिया

ग्वालियर के मुरार बड़ागांव स्थित एमपी हाउस के पास रहना वाला दलवीर पिता रमेशचंद्र (45) ऑटो चालक था। वह मूल रूप से दर्पण कॉलोनी भिंड का निवासी था। कुछ साल पहले से उसका पत्नी सुनीता देवी (44) से विवाद चल रहा है। जिसके चलते 21 वर्षीय बेटा राज उर्फ गोलू और 17 वर्षीय बेटी को लेकर सुनीता अलग रह रही थी। जिस मकान में सुनीता रहती है, वह कुछ साल पहले दलवीर ने ही खरीदा था। जबकि दलवीर अपने छोटे भाई ऊदल सिंह के साथ अलग किराये के मकान में रहता था।

मंगलवार रात जब दलवीर घर पहुंचा तो उसकी पत्नी सुनीता और बेटा राज वहां पहुंचे, और गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद बाहर खड़ी दो ऑटो में तोड़फोड़ कर दी। एक ऑटो में आग लगा दी। ऑटो को जलता देख दलवीर बाहर आया तो पत्नी और बेटे ने उस पर हमला कर दिया। उसके सिर में लाठियां मारते चले गए। जब वह बेहोश हो गया तो आरोपी भाग निकले। घायल को उसका भाई व मामा हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# संपादकीय


## जम्मू-कश्मीर में आतंक का जहर बरकरार,

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अभियान के संदर्भ में सरकार के दावे चाहे जो हों, हकीकत यह है कि वहां आज भी आए दिन आतंकवादियों के हमले हो रहे हैं और उसमें सुरक्षा बलों के जवान और अधिकारी शहीद हो जाते हैं। गौरतलब है कि सोमवार को उधमपुर में आतंकियों ने नियमित गश्ती पर निकली सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस की संयुक्त टुकड़ी पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें एक इंस्पेक्टर की जान चली गई। इससे एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि राज्य में आज भी आतंकवादी संगठनों का दंश देश के सुरक्षा बलों को झेलना पड़ता है। पिछले हफ्ते चौदह अगस्त को भी सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ में सेना का एक अधिकारी शहीद हो गया था। इससे पहले डोडा में मुठभेड़ के दौरान एक कप्तान सहित पांच जवान शहीद हो गए थे। पिछले चार महीने में बीस जवान शहीद हो चुके हैं। जम्मू क्षेत्र आमतौर पर कई वर्षों से कश्मीर की अपेक्षा ज्यादा शांत रहा है। मगर बीते कुछ समय से इसके कुछ इलाकों में भी आतंकी गतिविधियां बढ़ी हैं। हालांकि पिछले कुछ समय से आतंकी हमलों में तेजी का एक कारण यह भी हो सकता है कि जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो गई है। लोकसभा चुनावों में मतदान के रुझान से विधानसभा चुनावों में भी लोगों के बढ़-चढ़ कर भाग लेने की उम्मीद बन रही है। अगर राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूती मिलती और उसमें जन-भागीदारी बढ़ती है, तो यह आतंकवाद में लगे गिरोहों के लिए एक प्रतिकूल स्थिति होगी। इसलिए आए दिन सुरक्षा बलों पर या फिर रोजी-रोटी की उम्मीद में बाहर से वहां गए प्रवासी लोगों पर लक्षित हमले करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सहजता की स्थिति को भंग करने की कोशिश की जाती है। सरकार को आतंकियों के खिलाफ अभियानों की रणनीति तय करते हुए इस पहलू को भी ध्यान में रखना होगा कि स्थानीय लोगों के बीच आतंकवाद के खिलाफ जो राय बन रही है, उसे मजबूत किया जाए, ताकि राज्य में इस समस्या से निपटने में कारगर मदद मिले।

### अर्ज किया है..!

*उस से मिलना और बिछड़ना*
*देर तक फिर सोचना*
*कितनी दुश्वारी के साथ आए*
*थे आसानी में हम*

*-अहमद महफ़ूज़*




*अगर आप संतुलित हैं, तो आप जीवन के संग चलेंगे।*

– जग्गी वासुदेव

### धर्म-कर्म

# 25 या 26 अगस्त कब है कृष्ण जन्माष्टमी

## जानें तिथि और चन्द्रोदय का समय



**कब है जन्माष्टमी 2024**

**इस साल जन्माष्टमी का व्रत**
26 अगस्त 2024 को रखा जाएगा।

**अष्टमी तिथि प्रारम्भ -**
अगस्त 26 को 3 :39 ए एम

**अष्टमी तिथि समाप्त -**
अगस्त 27 को 02 :19 ए एम

**रोहिणी नक्षत्र प्रारम्भ -**
अगस्त 26, 2024 को 03 :55 पी एम

**रोहिणी नक्षत्र समाप्त -**
अगस्त 27, 2024 को 03 :38 पी एम

श्री कृष्ण भक्तों के लिए अगस्त का महीना बेहद खास होने वाला है, क्योंकि इस माह में जन्माष्टमी का पर्व मनाया जाएगा। इस पर्व को हर साल भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। ऐसे में इस साल 26 अगस्त 2024 के दिन कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। ये दिन कृष्ण जी की पूजा को समर्पित है। इस दौरान उपवास रखने का भी विधान है। मान्यता है कि जन्माष्टमी पर व्रत रखने से जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है।

भारत में इस दिन को श्री कृष्ण के जन्म रूप में मनाया जाता है। कृष्ण जन्माष्टमी एक ऐसा पर्व है, जिसकी तैयारी घरों में महीने भर पहले ही शुरू हो जाती है। इस दौरान कई प्रकार की मिठाईयां भी बनाई जाती है, जिसका भोग कृष्ण जी को जन्माष्टमी पर लगाया जाता है।

जन्माष्टमी पर मंदिरों में कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम भी किए जाते हैं, जो सभी कान्हा जी को समर्पित होते हैं। वहीं भगवान कृष्ण की जन्मभूमि मथुरा और वृंदावन में इस पर्व को बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन भगवान कृष्ण के बालरूप की पूजा की जाती है। ऐसे में आइए जन्माष्टमी की पूजा विधि के बारे में जान लेते हैं।

### जन्माष्टमी 2024 मुहूर्त

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ दिन पर पूजा के लिए शुभ मुहूर्त देर रात 12:00 से लेकर 12:45 ए एम (अगस्त 27) तक रहने वाला है। इस दौरान पूजा की कुल अवधि 45 मिनट तक की है। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। योग का समय 26 अगस्त दोपहर 03:55 से लेकर 27 अगस्त को सुबह 05:57 तक रहने वाला है।

### जन्माष्टमी पूजन विधि

जन्माष्टमी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान कर लें। इसके बाद स्वच्छ वस्त्रों को धारण करें, और व्रत का संकल्प लें। इसके बाद रात में पूजा मुहूर्त के समय कृष्ण का जन्मोत्सव मनाएं। इसके बाद कान्हा जी का पंचामृत से अभिषेक करें। फिर उन्हें नए वस्त्र अर्पित करें। इस दौरान कृष्ण जी को पीले चंदन या फिर केसर का तिलक जरूर लगाएं। इसके बाद मोर के मुकुट और बांसुरी उनके पास रख दें। फिर उन्हें झूला झुलाएं। इसके बाद आप माखन-मिश्री और पंजीरी का भगवान को भोग लगाएं। फिर आरती करके प्रसाद को वितरित करें।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पूजा सामग्री

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की पूजा में आभूषण, रुई, रोली को शामिल करें। इसके अलावा पूजा में धूपबत्ती, अगरबत्ती, कपूर, केसर, चंदन, पंच मेवा, गंगाजल, शहद, शक्कर, तुलसी दल, शुद्ध घी, दही, दूध, ऋतुफल, नैवेद्य या मिष्ठान्न, छोटी इलायची, लौंग मौली, इत्र की शीशी को जरूर शामिल करें।

### कृष्ण जन्माष्टमी महत्व

भारत में जन्माष्टमी के पर्व को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन पूरे विधि-विधान से कृष्ण जी के बाल रूप की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान कृष्ण को विष्णु जी का 8वां अवतार माना जाता है। ऐसे में जन्माष्टमी का व्रत रखने से विष्णु जी की कृपा भी बनी रहती है।

Karnataka

# महिला ने पति से मांग लिया हर महीने 6 लाख का गुजारा भत्ता, भड़क गईं जज; कैसे-कैसे खर्च गिनाए

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** पति से अलग रहने वाली महिला ने गुजारे भत्ते के तौर पर हर महीने 6 लाख 16 हजार रुपये की मांग की। हाई कोर्ट में महिला के वकील ने यह मांग पत्र रखा तो जज भी भड़क गईं। उन्होंने कहा कि यदि महिला को इतनी बड़ी रकम खर्च का बहुत ज्यादा शौक है तो वह खुद भी कमा सकती हैं। इस केस की सुनवाई का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल है। महिला के वकील ने पूरे खर्च की डिटेल देते हुए बताया कि कहां-कहां वह हर महीने 6 लाख से ज्यादा की रकम खर्च करना चाहती है। इसके अलावा यह रकम पति को देने का आदेश दिया जाए क्योंकि उसकी कमाई अच्छी खासी है।



इस पर कर्नाटक हाई कोर्ट की जज ने कहा कि ऐसी मांग तो गैर-वाजिब है। फिर भी यदि इतना ही खर्च करने का शौक है तो वह खुद भी कमा सकती हैं। महिला के वकील ने खर्च गिनाते हुए कहा कि हर महीने 15 हजार रुपये जूते-सैंडल और कपड़ों के लिए चाहिए। इसके अलावा 60 हजार रुपये महीने घर के खाने के लगेंगे। 4 से 5 लाख रुपये का हर महीने का खर्च इलाज का है क्योंकि महिला के घुटने में दर्द रहता है। वहीं कुछ खर्च बाहर खाने, दवाइयों और अन्य चीजों का है। इस तरह कुल बजट 6 लाख 16 हजार प्रति महीने का होता है।

ऐसी मांग पर जज भड़क गईं। उन्होंने कहा कि यह तो अदालत की कार्यवाही का भी दुरुपयोग है। उन्होंने कहा कि यदि वह इतना खर्च की इच्छा रखती हैं तो कमा भी सकती हैं।

Bihar

## बिहार के आरा में 1 परिवार को 5 की मौत, विंध्याचल माई का दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं पर रफ्तार का कहर



**आरा, (एजेंसी)** बिहार में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है। दुर्घटना आरा बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज क्षेत्र के बीबीगंज के पास हुआ। बताया जा रहा है कि दुर्घटना के शिकार सभी लोग विंध्याचल से मां भवानी का दर्शन करके लौट रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी भीषण दुर्घटना का शिकार हो गई। बताया जा रहा है कि गाड़ी में सात लोग सवार थे जिनमें से पांच की मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। मरने वालों में तीन पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। आरा पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस की छानबीन चल रही है। सभी मृतकों और घायलों की पहचान में पुलिस जुट गई है। स्थानीय लोगों ने दाहसे के बाद राहत एवं बचाव कार्य में पुलिस की सहायता की। घटना सुबह साढ़े पांच बजे की बताई जा रही है। मृतक मूल रूप से भोजपुर के अजीमाबाद थाना क्षेत्र के कमरियां गांव के रहने वाले थे और पिछले कुछ सालों पटना में ही रहते थे। सभी एक ही परिवार के हैं। मरने वालों में पति-पत्नी, बेटा-बेटी शामिल हैं। पटना के रामजयपाल गोला रोड में उनका मकान है, जहां लौट रहे थे । परिवार के मुखिया भूप नारायण पाठक, पत्नी, बेटा, बहू और पोते की मौत हुई है। बताया जा रहा है कि इस परिवार का बक्सर से भी जुड़ाव रहा है।

Keral

## एअर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी, तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारे गए सभी यात्री

**तिरुवनंतपुरम, (एजेंसी) एअर इंडिया के एक विमान में बम की धमकी मिली है. तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, मुंबई से तिरुवनंतपुरम पहुंची एअर इंडिया की फ्लाइट में बम की धमकी के बाद यहां हवाई अड्डे पर पूरी तरह से यह इमरजेंसी घोषित कर दी गई.**

इसके बाद, एअर इंडिया की फ्लाइट AI 657 को एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया. फ्लाइट को फिलहाल आइसोलेशन बे में रखा गया है. 135 यात्रियों और चालक दल के सभी सदस्यों को बाहर निकाला गया है. अधिकारी पूरे विमान का निरीक्षण करेंगे.

एयरपोर्ट ने बयान जारी करते हुए कहा, 'AI 657 (BOM-TRV) ने 22 अगस्त, 2024 को 0730 बजे बम की धमकी की सूचना दी. TRV एयरपोर्ट पर 0736 बजे फुल इमरजेंसी घोषित की गई. विमान सुरक्षित रूप से लैंड हुआ. अब इसे आइसोलेशन बे में पार्क किया गया है, जहां निकासी प्रक्रिया शुरू हो गई है. जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है. एयरपोर्ट का संचालन फिलहाल निर्बाध है.'

Uttarpradesh

## बॉयफ्रेंड ने दोस्तों संग मिलकर बीच सड़क पीटा... प्रयागराज में छात्रा ने कोचिंग के थर्ड फ्लोर से कूदकर दी जान

**प्रयागराज, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही 22 साल की लड़की ने बॉयफ्रेंड से विवाद के बाद एयरप्लेन क्रॉसिंग के पास कोचिंग सेंटर की बिल्डिंग से कूदकर सुसाइड कर लिया. मृतका के पिता ने आरोप लगाया है कि सौरभ सिंह नाम के शख्स ने तीन लोगों के साथ मिलकर कोचिंग सेंटर में उसके साथ छेड़छाड़ की थी और उसे बिल्डिंग से कूदने के लिए मजबूर किया था. पुलिस ने आरोपी सौरभ सिंह को गिरफ्तार कर लिया है.

मृतक लड़की की पहचान दीपाली त्रिपाठी के रूप में हुई है, जोकि अल्लाहपुर इलाके में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी. पुलिस ने बताया कि मृतका के पिता भूपेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि मंगलवार को दीपाली एक किताब खरीदने के लिए यूनिवर्सिटी रोड पर गई थी. वहां सौरभ सिंह ने उस पर हमला कर दिया, जिसने उसका मोबाइल फोन छीन लिया और उसे जमीन पर फेंक दिया. उसके बाद उन सबने ने मिलकर दीपाली को पीटा. उन्होंने बताया कि पूरी घटना सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में कैद हो गई. हालांकि इस मामले में ट्रायंगल लव की थ्योरी भी सामने आ रही है. कर्नलगंज के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राजीव कुमार यादव ने दावा किया कि सौरभ और दीपाली के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और घटना से ठीक पहले उसके किसी अन्य व्यक्ति के साथ कथित तौर पर डेटिंग करने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था.

खेल

# श्रीलंका के मिलन रथनायके ने डेब्यू मैच में मचाई खलबली, 41 साल बाद टूटा बलविंदर संधू का वर्ल्ड रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, (एजेंसी) इंग्लैंड वर्सेस श्रीलंका तीन मैच की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर खेला जा रहा है। मुकाबले के पहले दिन श्रीलंकाई बल्लबाजों ने निराश किया और पूरी टीम मात्र 236 रन पर सिमट गई। एक समय ऐसा लग रहा था कि श्रीलंकाई पारी 150 रन के अंदर ही सिमट जाएगी, मगर तब कप्तान धनंजय डी सिल्वा और मिलन रथनायके ने अर्धशतकों की मदद से टीम 200 का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही। डी सिल्वा ने 74 तो इस मैच में डेब्यू कर रहे मिलन रथनायके ने 72 रनों की पारी खेली। मिलन ने अपनी इस पारी के दम पर 41 साल पुराने वर्ल्ड रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया है।**




मिलन रथनायके इंग्लैंड के खिलाफ 9वें नंबर पर उस समय बल्लेबाजी करने आए जब टीम का स्कोर 7 विकेट के नुकसान पर 113 रन था। मिलन ने अपनी पारी में 135 गेंदों का सामना किया और 6 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के लगाए। यह डेब्यू मैच में 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले किसी भी बल्लेबाज का टेस्ट क्रिकेट में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है।

जी हां, पिछले 41 साल से यह रिकॉर्ड भारत के बलविंदर संधू के नाम था। इस भारतीय बल्लेबाज ने 1983 में पाकिस्तान के खिलाफ अपने डेब्यू मैच में 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 71 रनों की पारी खेली थी। मिलन ने मात्र एक रन से बलविंदर का यह रिकॉर्ड तोड़ा है।

### डेब्यू टेस्ट में 9वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए सर्वाधिक स्कोर-

मिलन रथनायके (श्रीलंका)- 72 बनाम इंग्लैंड (2024)

बलविंदर संधू (भारत)- 71 बनाम पाकिस्तान (1983)

डैरन गॉफ (इंग्लैंड)- 65 बनाम न्यूजीलैंड (1994)

मोंडे जोंडेकी (दक्षिण अफ्रीका)- बनाम 59 इंग्लैंड (2003)

विल्फ फर्गुसन (वेस्ट इंडीज)- बनाम 56* इंग्लैंड (1948)

श्रीलंकाई पारी के 236 रनों पर ढेर होने के बाद इंग्लैंड ने दिन का खेल खत्म होने तक 4 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 22 रन बोर्ड पर लगाए। क्रीज पर बेन डकेट 13 और डैनियल लॉरेंस 9 रन बनाकर मौजूद हैं।

सिनेमा

## लड़खड़ाते हुए अक्षय को मिला 'पठान' मेकर सिद्धार्थ आनंद का साथ, लाएंगे बड़ी एक्शन फिल्म



बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की फिल्म 'खेल खेल में' आजकल थिएटर्स में है. एक लंबे समय बाद ये अक्षय की पहली फिल्म है जिसे हर जगह पॉजिटिव रिव्यू मिले हैं. लेकिन इसके बावजूद ये फिल्म दर्शकों को थिएटर्स तक खींचने में नाकाम साबित हो रही है और पूरा चांस है कि ये पिछले 3 साल में अक्षय की 10वीं फ्लॉप फिल्म बन जाएगी. ये बताता है कि इन दिनों बॉलीवुड के बड़े स्टार्स में से एक अक्षय किस कदर थिएटर्स में बुरी तरह स्ट्रगल कर रहे हैं. मगर अब अक्षय के फैन्स के लिए एक बड़ी खबर आ रही है. अक्षय अब एक नए प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने जा रहे हैं, जो उनके लिए एक टर्निंग पॉइंट बन सकता है. बॉलीवुड के ऑरिजिनल एक्शन हीरो अक्षय अब 'पठान' बनाने वाले फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद के साथ एक फिल्म पर काम करने जा रहे हैं. पिंकविला की एक रिपोर्ट के अनुसार, सिद्धार्थ ने बतौर प्रोड्यूसर एक फिल्म के लिए अक्षय कुमार के साथ हाथ मिलाया है. इस फिल्म को मिलन लुथरिया डायरेक्ट करने वाले हैं जो 'वन्स अपॉन अ टाइम इन मुंबई' और 'द डर्टी पिक्चर' जैसी फिल्में बना चुके हैं. सूत्र के हवाले से बताया गया, 'सिद्धार्थ, मिलन लुथरिया और रजत अरोड़ा की राइटर-डायरेक्टर जोड़ी को एक एक्शन फिल्म डेवलप करने के लिए साथ लेकर आए हैं.

## Highlights

1. **Why is PM Modi taking a 20-hour train instead of flight for 7-hour visit to Ukraine?**
2. **PM Modi repeats his 'not the time for war' remark in Poland**
3. **Doctor's parents told she was 'ill' in 1st call, 30 mins later informed about 'suicide': Lawyer**
4. **Kolkata rape-murder accused 'sexual pervert with animal-like instincts', shows no remorse: CBI**
5. **Moon had an ancient magma ocean, reveal Chandrayaan-3 findings**

# Paytm share price jumps over 5%, Zomato up 2% on ticketing business deal

**NEW DEIHI, (Agency).** Paytm share price gained more than 5% after the fintech giant announced that it is selling its entertainment and ticketing business to food delivery app Zomato for ₹2,048 crore. Paytm shares jumped to ₹604.45 while Zomato gained 2.71% to reach ₹267.00 apiece on the BSE. As per the agreement, One 97 Communications, parent company of Paytm, entered into definitive agreements for the sale of its entertainment ticketing business that includes movies, sports and events ticketing to Zomato for ₹2,048 crore.

Paytm's movie and event tickets will continue to be available on its app during a transition period for the next 12 months after which the users will be redirected to Zomato's upcoming app for the 'going- out' segment.

Following the deal, Emkay Global Financial Services noted, "Post-




acquisition, Zomato's management estimates going-out GOV at over ₹10,000 crore in FY26. Management expects the going-out business to operate near break-even on an adjusted EBITDA basis, while potentially delivering 4-5% adjusted EBITDAM as a % of GOV over the medium-to-long term. Management's strong execution track record grants confidence that going-out will add further value over the long term."

It added, "In our view, the deal would shore up Paytm's cash and cash equivalents, which would possibly be used to scale up rewards/cash-back program to revive its dwindling payment business following the RBI action. The net one-off gains adjusted for the earnings outgo would reduce net loss in FY25E, but hurt future earnings."

# Premji Invest, Claypond Capital mulling $125 million investment in Akasa Air

**NEW DEIHI, (Agency).** Premji Invest and Claypond Capital, family offices of Wipro's Azim Premji and Manipal Group's Ranjan Pai, are reportedly planning to invest ₹$125 million in Akasa Air.

The Economic Times reported that the consortium is looking to pick up a "significant" minority stake in the airline, valuing it at over $350 million. Citing sources in the know, the report claimed that the consortium




has asked consultancy firm Alvarez & Marsal to conduct due diligence.

The funds will be used for the expansion and payments for the airline and the new shares will be issued by diluting the shareholding of Jhunjhunwala family and Vinay Dube, who together own 65 per cent of Akasa Air, the report claimed.

This comes as Akasa Air's chief financial officer (CFO) Ankur Goel said the carrier was looking at becoming profitable over the next two years and was planning capacity addition and expansion to new destinations.

# तीन लोगों की संदिग्ध मौत

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में तीन अलग अलग लोगों की संदिग्ध मौत हो गई। सभी मामलों में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। परदेशीपुरा थाना प्रभारी पकंज द्विवेदी ने बताया कि गोपाल पिता कालूराम विश्वकर्मा निवासी आलोट हाल मुकाम कुलकर्णी भट्टा अचेत अवस्था में घर पर पड़ा मिला। बदबू आई तो पड़ोसियों ने सूचना दी इस पर तुरंत पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और दरवाजा खोला तो वह पलंग में पड़ा हुआ था और शव से बदबू आ रही थी।**

पड़ोसियों ने बताया कि वह मजदूरी करता था और तीन दिन पहले ही यंहा कमरा किराए से लेकर रहने आया था। शव को पीएम के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है इसी तरह विकास कुमार पांडे निवासी पाटनीपुरा की तबीयत बिगड़ी तो परिजन तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे जंहा डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। थाना प्रभारी द्विवेदी का कहना है कि विकास पंडे मूलतः रीवा के रहने वाले हैं और करीब 12 साल से यंहा अकाउटेंट का काम कर रहे थे। उनकी दो बेटियां है। परिजनों ने बताया कि रक्षाबंधन का पर्व साथ में मनाया। इसके बाद बुधवार को वह जंहा किराए से रहते थे वहां गए और तभी अचानक तबीयत बिगड़ी और अस्पताल लेकर पहुंचे तो डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डाक्टरों ने हार्टअटैक से मौत होने की बात कही है। वहीं नंदानगर मेन रोड पर रामनिवास मिश्रीलाल(65) को अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। जिससे उन्हें सिर में गंभीर चोट आई। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जंहा डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। टीआई पकंज द्विवेदी का कहना है कि तीनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं एक्सीडेंट वाले मामले में बाइक सवार की तलाश कर रहे हैं।

# बाइक सवार बदमाशों ने युवक को चाकू घोंपा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। लसूडिया इलाके में **बायपास पर बाइक सवार बदमाशों ने पहले को कट मारी जब उन्हें टोका तो आरोपियों ने युवक को चाकू घोंप दिए। उसके दोस्तों को भी लात घूसों से पीटा। हमले के बाद आरोपी भाग गए।**

लसूडिया पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी की घटना बायपास पर अग्रसेन धर्मशाला बेस्ट प्राइज के पास हुई। फरियादी यशराज पिता भैयालाल सावले निवसी रोबोट स्क्वेयर धीरज नगर की रिपोर्ट पर पुलिस ने बाइक सवार अज्ञात तीन बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। फरियादी ने पुलिस को बताया कि अज्ञात तीन बदमाश हमारी बाइक के आगे से कट मारते हुए निकले। मैंने उनसे कहा कि गाड़ी आराम से चलाओ एक्सीडेंट हो जाएगा इस बात पर तीनों गाड़ी घुमाकर वापस आए और गालियां दी। बोले कि क्या कह रहा था तू और मेरी गाड़ी की चाबी निकाल ली। मैंने गाली देने से मना किया तो तीनों ने मिलकर लात घूसों से हम तीनों दोस्तों को पीटा। हम बचाव करते उससे पहले एक आरोपी ने चाकू निकालकर मेरी दोनों जांघ पर वार कर दिए। इससे चोट लगकर खून निकलने लगा। हमने शोर मचाया तो राहगीर एकत्र हुए तो हमलावर भाग गए। वे जाते जाते बोले कि आज तो बच गया आइंदा हमें ज्ञान बांटा तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक